प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

27.12.2024 / प्रादेशिक समाचार / 09.20 बजे

मनमोहन सिंह निधन

पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह का कल नई दिल्ली में निधन हो गया। वे 92 वर्ष के थे। कल शाम बेहोश होने पर उन्हें अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में भर्ती कराया गया मगर डॉक्टरों के तमाम प्रयासों के बावजूद उन्हें बचाया नहीं जा सका। प्रधानमंत्री पी वी नरसिम्हा राव के मंत्रिमंडल में मनमोहन सिंह, वित्त मंत्री थे। वे कांग्रेस नेतृत्व वाली यू पी ए सरकार में वर्ष 2004 से 2014 तक दो बार प्रधानमंत्री रहे। डॉ. मनमोहन सिंह राज्यसभा के 33 साल तक सदस्य रहने के बाद इस साल अप्रैल में संसद के उच्च सदन से सेवानिवृत्त हुए थे। केंद्र सरकार ने पूर्व प्रधानमंत्री डॉक्टर मनमोहन सिंह के निधन पर सात दिन का राष्ट्रीय शोक घोषित किया है। इस दौरान पूरे देश में राष्ट्र ध्वज आधे झुके रहेंगे और कोई भी सरकारी कार्यक्रम आयोजित नहीं होंगे।

शोक संदेश

इस बीच राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सहित कई अन्य नेताओं ने पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर शोक व्यक्त किया है। अपने संदेश में राष्ट्रपति ने कहा कि डॉक्टर मनमोहन सिंह को राष्ट्र के प्रति उनकी सेवाएं, उनके बेदाग राजनीतिक जीवन और उनकी अत्यंत विनम्रता के लिए याद किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि डॉक्टर मनमोहन सिंह ने देश के वित्त मंत्री सहित विभिन्न सरकारी पदों पर कार्य किया और वर्षों तक भारत की आर्थिक नीति पर अपनी गहरी छाप छोड़ी। उन्होंने संसद में डॉक्टर सिंह के व्यावहारिक हस्तक्षेप और प्रधानमंत्री के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान लोगों के जीवन को बेहतर बनाने के उनके व्यापक प्रयासों की भी प्रशंसा की। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल व मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने पूर्व प्रधानमत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है। राज्यपाल ने कहा कि देश के लिए ये अत्यंत दुखद और अपूर्णीय क्षति है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के निधन को पूरे देश और कांग्रेस परिवार के लिए अपूर्णीय क्षति बताया है। उन्होंने कहा कि भारतीय राजनीति में उनके योगदान को सदैव याद रखा जाएगा।

मौसम

प्रदेश के अधिकांश भागों में आज बादल छाए हुए हैं जबकि कुछ क्षेत्रों में हल्की बूंदाबांदी का समाचार है। मौसम विभाग ने राज्य में आज से पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने की संभावना जताई है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के वैज्ञानिक शोभित कटियार ने बताया कि आज और कल प्रदेश में बारिश और बर्फबारी का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

विभाग के अनुसार आगामी 2–3 दिन पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से जबरदस्त शीतलहर के चलते तापमान में भी गिरावट दर्ज की जाएगी।

मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 29 दिसंबर को आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की 117वीं कड़ी होगी। श्रोता टोल फ्री नम्बर 1 8 0 0–1 1–7 8 0 0 पर कार्यक्रम के लिए अपने सुझाव भेज सकते हैं। माइगॉव, नमो एप पर भी सुझाव भेजे जा सकते हैं। सुझाव भेजने की आज अंतिम तिथि है। कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क पर होगा। कार्यक्रम आकाशवाणी समाचार की वेबसाइट और न्यूज ऑन एआईआर ऐप पर भी उपलब्ध रहेगा।

सुर्खियां समाचार पत्रों से............

आज समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है। दैनिक भास्कर के शब्द हैं आज से 3 दिन बर्फ से लद सकते हैं पहाड़, फिर बर्फबारी से नए साल का आगाज। अमर उजाला और पंजाब केसरी ने खबर को लगभग एक जैसा शीर्षक दिया है हिमाचल प्रदेश में 2 दिन भारी बर्फबारी–वर्षा का ऑरेंज अलर्ट।

दैनिक जागरण की एक खबर है हिमाचल में बंद होंगे और 330 स्कूल।

दिव्य हिमाचल के अनुसार हिमाचल में हो सकती है जातिगत जनगणना–सी डब्ल्यू सी की बैठक में राहुल गांधी का संदेश।

हिमाचल दस्तक के मुताबिक 3 लाख की आय सीमा वाले अल्पसंख्यक व दिव्यांगों को स्वरोजगार के लिए मिलेगा ऋण।

दैनिक सवेरा टाइम्स ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के हवाले से लिखा है प्रदेश के दुग्ध उत्पादकों के मासिक भुगतान में वृद्धि की गई।